सुश्री बानी वर्मा को बीएचईएल का निदेशक (इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एंड प्रोडक्ट्स) नियुक्त किया गया

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त होने पर, 55 वर्षीया सुश्री बानी वर्मा ने सार्वजनिक क्षेत्र के इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम के निदेशक (इंडस्ट्रियल सिस्टम्स एवं उत्पाद) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

इससे पहले, सुश्री वर्मा बीएचईएल के ट्रांसपोर्टेशन बिज़नेस सेगमेंट के साथ-साथ बेंगलुरु स्थित कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन (ईडीएन) विनिर्माण इकाई का नेतृत्व कर रही थीं।

सुश्री वर्मा दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और उन्होंने 1990 में कंपनी के उद्योग क्षेत्र में इंजीनियर प्रशिक्षु के रूप में बीएचईएल में अपना करियर शुरू किया। ऊर्जा, उद्योग और परिवहन जैसे क्षेत्रों में 33 वर्षों के समग्र, विविध और व्यावहारिक अनुभव के दौरान, उन्होंने रणनीतिक प्रबंधन, व्यवसाय विकास, परियोजना निष्पादन, बदलाव प्रबंधन और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में गहन और व्यापक दक्षता प्राप्त कर ली है।

बीएचईएल के परिवहन व्यवसाय और सिस्टम्स समूह के प्रमुख के रूप में, उन्होंने रेल परिवहन व्यवसाय में बीएचईएल के विविधीकरण पहल की जिम्मेदारी निभाई और कंपनी के लिए वंदे भारत ट्रेनों के विनिर्माण सह रखरखाव के प्रतिष्ठित ऑर्डर को हासिल करने की रणनीति बनाई। इसके अलावा, ईडीएन के प्रमुख के रूप में, उन्होंने भारतीय रेल के लिए बीएचईएल के विद्युत और रक्षा व्यवसाय से संबंधित नियंत्रण उपकरण और प्रॉपल्शन इलेक्ट्रिक्स की इंजीनियरिंग और उत्पादन की जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने लगातार घाटे के बाद इकाई को लाभप्रदता की स्थिति में लाते हुए इसका सफलतापूर्वक टर्नअराउंड किया।

उन्होंने कंपनी में कॉर्पोरेट रणनीतिक प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, औद्योगिक उत्पादों (इलेक्ट्रिकल) का विपणन, कैप्टिव पावर प्लांट आदि विभिन्न प्रमुख दायित्वों को भी संभाला है। उन्होंने बीएचईएल के विभिन्न हितधारकों

के साथ समन्वय करके संगठन की रणनीतिक पहलों के साथ-साथ परिचालन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता प्रदान की है। सुश्री वर्मा ने बीएचईएल के नए विकास क्षेत्रों के लिए विकास योजना के निर्माण और कार्यान्वयन में और कई प्रकार्यों और व्यवसाय खंडों में बीएचईएल की कायाकल्प के पहल को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

एक उत्साही और पेशेवर लीडर, सुश्री वर्मा के पास तीन दशकों से अधिक के उल्लेखनीय निष्पादन का अभूतपूर्व ट्रैक रिकॉर्ड है।

******